# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 17

Chapter Name : वह सुबह कभी तो आएगी

Q1 (क) सलमा का पहला कदम बीमारी में ही क्यों बढ़ा था?

(ख) सलमा अपनी अम्मा से क्या कहती थी जिससे उसकी अम्मा उसे मार देती थी?

(ग) सलमा ने ऐसा क्यों कहा कि मैं तो अब जीना चाहती हूँ?

Answer. (क) सलमा भोपाल गैस रिसाव का शिकार हो गयी थी जिससे उसके अंदर अनेक तरह की बीमारियाँ हो गयी थीं। जब से उसने होश संभाला तब से बीमारी साथ चल रही थी। उसी बीमारी के दौरान वह धीरे-धीरे बड़ी हुई और उसने चलना सीखा। इस तरह सलमा का पहला कदम बीमारी में ही बढ़ा था।

(ख) सलमा के अब्बू का निधन हो गया था इससे उसकी अम्मी को गहरा सदमा लगा था, वे हमेशा सनकी हुई रहती थी। जब सलमा कहती कि अब्बू मर चुके हैं वे नहीं आएँगे तो उसकी अम्मा उसे मारती और कहती ऐसी बातें नहीं कहते।

(ग) सलमा ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह अब आयुर्वेदिक दवाएँ खा रही थी और उसकी बीमारियाँ  ठीक हो रही थी। उसे लगने लगा कि वह अब ठीक हो सकती है। वह खुश रहने लगी और जीना चाहती हैं।

Page : 113 , Block Name : पाठ से

Q2 "मेरे अब्बू इस दुर्घटना के कारण खत्म हो गए, जब हम बहुत छोटे थे।"

ऊपर के वाक्य से पता चलता है कि सलमा के अब्बू किसी गैस दुर्घटना के कारण मर गए थे। दुर्घटना में कुछ लोगों को अपने शरीर के अंगों को गँवाना भी पड़ जाता है। तुम हवा, आग और पानी से होने वाली दुर्घटनाओं की एक सूची बनाओ। तुम इस सूची के आगे यह भी लिखो कि इसमें क्या-क्या नुकसान होता है।

Answer. हवा - तेज़ हवा से आँधी-तूफान से फसलें ख़राब हो जाती है, पेड़ गिर जाते है, कई दुर्घटनाएँ हो सकती है|

पानी - बाढ़ आने से नदी, समुद्र के किनारे बसे गाँव बह जाते है |

आग - आग से लोगों का सबकुछ जलकर खाक हो जाता है |

Q3 "हम उनसे कहते कि जब हम बड़े हो जाएँगे तो उनकी देखभाल करेंगे।" इस वाक्य को पढ़ो और बताओ कि–

(क) कौन किसकी देखभाल करना चाहती है?

(ख) वह बड़ी होकर ही देखभाल करना क्यों चाहती है?

(ग) क्या वह छोटे होने पर देखभाल नहीं कर सकती है?

(घ) अगर वह छोटे होने पर भी देखभाल करेगी तो क्या हो सकता है?

Answer. (क) सलमा अपनी दोनों जुड़वाँ बहनों के साथ अपनी माँ की देखभाल करना चाहती है।

(ख) सलमा को विश्वास है कि बड़े होकर वह अपनी ज़िम्मेदारी से माँ को सभी सुख-सुविधायें दे पायेगी।

(ग) उसकी बीमारी के कारण वह देखभाल नहीं कर सकती है।

(घ) उसकी बीमारी के कारण वह ठीक प्रकार से देखभाल नहीं कर सकती है

Q4इस पाठ में भोपाल गैस त्रासदी का वर्णन हुआ है, जिसे इस त्रासदी को सहने वाली सलमा ने 'वह सुबह कभी तो आएगी' शीर्षक से लिखा है। अब तुम बताओ कि–

(क) तुम इसे निबंध या संस्मरण में से क्या कह सकते हो और क्यों?

(ख) अगर इसे कोई कहानी कहे तो क्या होगा?

(ग) मान लो कि अगर तुम इसे लिखते तो इसका क्या शीर्षक देते और क्यों?

(संकेत–इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए तुम अपने बड़ों की सहायता भी ले सकते हो।)

Answer. (क) इसे संस्मरण कहना ही ठीक होगा क्योंकि संस्मरण में अपने जीवन की किसी घटना को लिखा जाता है और इसमें सलमा ने अपनी आप बीती को याद करते हुए यह लेख लिखा है।

(ख) कहानी ज़्यादातर कल्पना पर आधारित होती है और यदि इसे कहानी कहा जाएगा तो लोग इसे भी काल्पनिक घटना समझेंगे |

(ग) अगर हम इसे लिखते तो इसका शीर्षक इच्छाशक्ति भी दे सकते थे क्योंकि दुर्घटना के बाद डाक्टरों ने सलमा को जवाब दे दिया था। लेकिन अपनी इच्छाशक्ति के दम पर वह ठीक हो पाई |

Page : 113 , Block Name : निबंध या संस्मरण

Q5 वह सुबह कभी तो आएगी' –यह इस पाठ का शीर्षक है। साथ ही यह साहिर लुधयानवी के 'गीत' की पंक्ति भी है। इस तरह तुम कुछ अन्य गीतों, कविताओं, लेखों, कहानियों और प्रसिद्ध लोगों के विचारों आदि की किसी पंक्ति का चयन कर उसकी सूची बनाओ जिस पर अपने विचारों को लिख सकते हो और वह तुम्हारे लेख के लिए सही शीर्षक हो सकता है।

Answer. बाधाएँ आती हैं तो आएँ - अटल बिहारी वाजपेयी

हम होंगे कामयाब एक दिन – गिरिजा कुमार माथुर

Page : 114 , Block Name : पंक्ति और शीर्षक

aglasem.com

Q6 तुम्हारी भेंट-मुलाकात अक्सर कुछ ऐसे लोगों से भी होती होगी या हो सकती है जिनकी आँखें नहीं होतीं, जो बोल और सुन नहीं सकते। कुछ वैसे भी लोग होंगे या हो सकते हैं जो हाथ-पैर या अपने किसी अन्य अंग से सामान्य मनुष्य की तरह काम नहीं कर सकते। अब तुम बताओ कि–

(क) यदि तुम्हें किसी गूँगे व्यक्ति से कुछ समझना हो तो क्या करोगे?

(ख) यदि तुम्हें किसी बहरे व्यक्ति को कुछ बताना हो तो क्या करोगे?

(ग) यदि तुम्हें किसी अंधे व्यक्ति को कुछ बताना हो तो क्या करोगे?

(घ) किसी ऐसे व्यक्ति के साथ खेलने का अवसर मिल जाए जो चल फिर नहीं सकता हो तो क्या करोगे?

Answer. (क) यदि किसी गूँगे व्यक्ति से कुछ समझना हो तो उनके इशारे से या उनकी लिखावट से समझने की कोशिश करेंगे।

(ख) यदि किसी बहरे व्यक्ति को कुछ समझाना हो तो उसे लिखकर या इशारों से समझाएँगे।

(ग) अंधे व्यक्ति को कुछ बताने के लिए उसे बोलकर बताएँगे।

(घ) उसके साथ बैठकर खेलनेवाला कोई खेल खेलेंगे।

Q7नीचे कुछ दुर्घटनाओं के बारे में लिखा हुआ है जैसे–

(क) सड़क दुर्घटना –सड़क पर होती है।

(ख) ट्रेन दुर्घटना –ट्रेन की पटरी पर होती है।

(ग) हवाई दुर्घटना –धरती या आसमान कहीं भी हो सकती है।

(घ) नौका दुर्घटना –जल में हो सकती है।

इनके कारणों में मानवीय भूल, जानबूझकर और प्राकृतिक रूप से संबंधित कोई भी कारण हो सकता है। मान लो कि तुम्हारे आस-पास ऐसी कोई भी दुर्घटना घट जाती है तो तुम क्या-क्या करोगे?

(क) क्या तुम स्वयं को बचाओगे?

(ख) किसी और को बचाओगे?

(ग) किसी अन्य को बचने और बचाने का उपाय बताओगे?

(घ) किसी अन्य को उस दुर्घटना के बारे में बताओगे और बुलाओगे?

(ङ) क्या तुम चुपचाप रह जाओगे?

इसमें तुम जो भी करना चाहते हो, उसका कारण भी बताओ।

aglasem.com

Answer. यदि हमारे आस-पास कोई भी दुर्घटना घटती है तो हम अन्य लोगों को इसकी खबर देंगे साथ ही जो सहायता कर सकते है वो करेंगे |

Q8 "मेरा गला और आँखें सूज जाती हैं, मेरा चेहरा सूजन की वजह से बड़ा रहता है।"

ऊपर के वाक्य में सूज और सूजन शब्द का प्रयोग सार्थक ढंग से हुआ है। इसके साथ सूजना शब्द का प्रयोग भी किया जा सकता है। तुम भी अपने ढंग से कुछ ऐसे शब्दों की सूची बनाओ जिनके रूप में थोड़ा-बहुत अतंर हो तभी सार्थक ढंग से उसका प्रयोग किया जा सकता है; जैसे –टूट, टूटना, टूटन आदि।

Answer. सज सजना सजावट

रूठ रूठना

मान मानना

लिख लिखना लिखावट

aglasem.com